कम्युनिटी रिकवरी

क्या आप किसी आपदा के लिए तैयार हैं?

क्वींसलैंड में वर्ष के किसी भी समय मौसम संबंधी चरम आपदाएँ आ सकती हैं जो आपके परिवार को प्रभावित कर सकती हैं और संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इन घटनाओं में भयंकर तूफ़ान, बाढ़, चक्रवात, भूकंप या बुश फ़ायर (जंगली आग) शामिल हो सकती हैं।

हम मौसम को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन हम उसके लिए तैयारी कर सकते हैं।

कोई आपदा आने से पहले, जाँच लें कि आपके पास निम्न चीज़ें मौजूद हैं:

- ✓ आपके और आपके परिवार के लिए एक आपातकालीन योजना, जिसमें आपके पालतू जानवरों के लिए बनाई गई योजना भी शामिल है
- ✓ आपातकालीन संपर्कों की एक सूची
- ✓ वैध बीमा
- ✓ पहले से पैक की हुई एक आपातकालीन किट

आपदा की तैयारी के बारे में अधिक जानकारी और युक्तियों के लिए, **www.getready.qld.gov.au** पर जाएँ

किसी आपदा के बाद सहायता कहाँ से प्राप्त करें

आपदा से प्रभावित लोगों के लिए सरकार और गैर-लाभकारी संगठनों से भावनात्मक और व्यावहारिक सहायता उपलब्ध है।

व्यक्तिगत सहायता और परामर्श

किसी आपदा के बाद कई तरह की भावनाओं से गुज़रना आम बात है। यदि आप भावनात्मक संकट का सामना कर रहे हैं या इससे निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं तो व्यक्तिगत और व्यावहारिक सहायता उपलब्ध है।

यदि आप, परिवार का कोई सदस्य या आपके कोई मित्र, निम्न का सामना कर रहे हैं, तो सहायता लें:

- भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक तनाव का अनुभव
- थकान, चिड़चिड़ापन महसूस करना या अपनी भूख या नींद के पैटर्न में बदलाव देखना
- व्यवहार में बदलाव नोटिस करना जैसे कि शराब या अन्य नशीली दवाओं का अधिक सेवन या दूसरों से दूरी बनाना
- बस बात करने के लिए किसी की जरूरत है।

व्यक्तिगत सहायता और परामर्श संपर्क

- लाइफ़लाइन ऑस्ट्रेलिया (परामर्श) – **13 11 14**
- ऑस्ट्रेलियन रेड क्रॉस – **1800 733 111**
- सेंट विंसेंट डी पॉल – **13 18 12**
- क्वींसलैंड हैल्थ – **13 HEALTH (13 43 25 84)**
- हाउसिंग असिस्टेंस – **13 QGOV (13 74 68)**
- राज्य आपातकालीन सेवा (SES) – **13 25 00**
- कम्युनिटी रिकवरी हॉटलाइन – **1800 173 349**

अपने क्षेत्र में उपलब्ध स्थानीय और सामान्य सामुदायिक सहायता सेवाओं के लिए संपर्क खोजने के लिए, **www.qld.gov.au/disasterhelp** पर जाएँ और 'regional community support' खोजें।

वित्तीय सहायता

यदि आप किसी आपदा से प्रभावित हुए हैं तो वित्तीय सहायता और सहायता सेवाएँ उपलब्ध हो सकती हैं।

संयुक्त रूप से वित्त पोषित राष्ट्रमंडल-राज्य आपदा रिकवरी फंडिंग व्यवस्था (DRFA) के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सहायता।

अनुदान*

- **आपातकालीन कठिनाई सहायता (Emergency Hardship Assistance)** –
  सक्रिय आपदा क्षेत्रों में लोगों को भोजन, कपड़े और दवा जैसी तत्काल और जरूरी चीज़ों में मदद करने के लिए।
- **आवश्यक घरेलू सामग्री अनुदान (Essential Household Contents Grant)** –
  सक्रिय आपदा क्षेत्रों में उन लोगों की मदद करने के लिए जो बिना बीमा के हैं या आवश्यक घरेलू सामग्री खरीदने के लिए बीमा का दावा करने में असमर्थ हैं।
- **आवश्यक सेवा सुरक्षा और पुन: कनेक्शन अनुदान (Essential Services Safety and Reconnection Grant)** –
  सक्रिय आपदा क्षेत्रों में लोगों को बिजली, गैस, पानी, सीवरेज या सेप्टिक सिस्टम जैसी आवश्यक सेवाओं को फिर से जोड़ने में मदद करने के लिए।
- **आवश्यक सेवा कठिनाई सहायता अनुदान (Essential Services Hardship Assistance Grant)** –
  जब एक या अधिक आवश्यक सेवाएँ पाँच दिनों से अधिक समय के लिए उपलब्ध नहीं हो पाती हैं, तो तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए आपदा से सीधे प्रभावित लोगों की सहायता करता है।
- **संरचनात्मक सहायता अनुदान (Structural Assistance Grant)** –
  सक्रिय आपदा क्षेत्रों में लोगों को उनके घरों की मरम्मत में मदद करने और उन्हें रहने के लिए सुरक्षित और सलामत बनाने के लिए।

*पात्रता मानदंड लागू होते हैं

यह जानने के लिए कि आपके क्षेत्र में कौन से अनुदान उपलब्ध हैं और अपनी पात्रता की जांच करने के लिए, **www.qld.gov.au/disasterhelp** पर जाएं।

अधिक जानकारी

क्वींसलैंड सरकार आपदाओं, अनुदान या सहायता के बारे में आपकी भाषा में जानकारी प्रदान करने के लिए एक दुभाषिया सेवा प्रदान करती है।

1800 512 451 पर कॉल करें और अपनी पसंदीदा भाषा में दुभाषिया मांगें या **1800 173 349** पर कम्युनिटी रिकवरी हॉटलाइन पर कॉल करें।

Interpreter

Australian Government

Queensland Government